nandgaon times oct-14-3.qxd 10/13/2024 10:33 PM Page 1

छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति... पृष्ठ 2 | दीपक बैज ने किया राजनांदगांव... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


सोमवार, 14 अक्टूबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 05, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## पीएम गति शक्ति' को 3 साल पूरे, देश के इन्फास्ट्रक्चर को मिली रफ्तार

**नई दिल्ली।** देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास की रफ्तार को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए 'पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान' (पीएमजीएस - एनएमपी) को तीन साल पूरे हो चुके हैं। इसे मोदी सरकार ने 13 अक्टूबर, 2021 को लॉन्च किया था। 'पीएम गति शक्ति' योजना को केंद्र सरकार ने रेलवे, सड़क, पोर्ट, वाटरवे, एयरपोर्ट्स, परिवहन और लॉजिस्टिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के तेज विकास के लिए शुरू किया था। इसका उद्देश्य सरकारी विभागों और मंत्रालयों के बीच समन्वय बनाकर किसी परियोजना की सटीक योजना बनाना और उसे तेज गति से पूरा करना है। मौजूदा समय में 'पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान' पोर्टल पर 44 केंद्रीय मंत्रालय और 36 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की सरकार हैं। पीएम गति शक्ति आने से देश के इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की गति को बड़ा बूस्ट मिला है। इस पोर्टल पर 1,600 से अधिक डेटा लेयर हैं, जो कि सरकारी विभागों की इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट को किफायती बनाने में मदद करती हैं। मौजूदा समय में इसमें 533 से



ज्यादा प्रोजेक्ट मैप हो चुके हैं। पीएम गति शक्ति के तहत होने वाली नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप मीटिंग में अब तक 15.48 लाख करोड़ रुपये के मूल्य के 213 प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन किया जा चुका है। पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान का उपयोग करके अब तक 8,891 किलोमीटर की सड़कें और 27,000 किलोमीटर के रेलवे ट्रैक बनाने की योजना बनाई जा चुकी है। इसकी मदद से लेह (लद्दाख) से कैथल (हरियाणा) तक 13 गीगावाट के ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट को ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर के मुताबिक संरेखित किया गया है।

पीएम गति शक्ति के तीन साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, 卐गति शक्ति की बदौलत देश विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने के लिए गति के साथ आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा। इसके अलावा, उन्होंने दूसरे पोस्ट में लिखा, 卐पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है, जिससे सभी क्षेत्रों में तेज और अधिक कुशल विकास हुआ है। इसने लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा दिया है, देरी कम हुई है और कई लोगों के लिए नए अवसर पैदा हुए हैं।

## पूर्व राज्यपाल रमेश बैस की सक्रिय राजनीति में फिर आने की सुगबुगाहट

**रायपुर।** रायपुर लोकसभा सीट से सात बार सांसद रह चुके और तीन राज्यों में राज्यपाल रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश बैस की



एक बार फिर सक्रिय राजनीति में वापसी की चर्चा चल रही है। भाजपा के सूत्रों के अनुसार, हाल ही में कुछ भाजपा नेता रमेश बैस से मिलने उनके निवास पर पहुंचे और उनसे संगठन में सक्रिय होने का आग्रह किया। इस बातचीत से यह संभावना जताई जा रही है कि पार्टी उन्हें कोई नई जिम्मेदारी दे सकती है। बैस ने भी इस संबंध में कई बार कहा है कि वे पार्टी के कार्यकर्ता हैं और उन्हें जो भी आदेश दिया जाएगा, वह उसे निभाएंगे। रमेश बैस छत्तीसगढ़ में भाजपा के सबसे वरिष्ठ नेताओं में माने जाते हैं। उनकी उम्र लगभग 77 वर्ष है, और अब यह माना जा रहा है कि उन्हें मार्गदर्शक मंडल में शामिल किया जा सकता है। बैस ओबीसी समुदाय के प्रमुख चेहरे हैं, और विधानसभा चुनावों के दौरान भी उनकी सक्रिय राजनीति में वापसी की चर्चाएं हुई थीं। पिछले वर्षों में उन्हें भाजपा की तरफसे मुख्यमंत्री पद का भी दावेदार माना जाता रहा है। रमेश बैस के राजनीतिक करियर की शुरुआत 1978 में हुई, जब वह पहली बार रायपुर नगर निगम के पार्षद के रूप में निर्वाचित हुए। इसके बाद, 1980 में वह अविभाजित मध्यप्रदेश से विधायक चुने गए। 1989 में उन्होंने पहली बार रायपुर लोकसभा सीट से सांसद का चुनाव जीता। इसके बाद, बैस ने 1996, 1998, 1999, 2004, 2009, और 2014 तक लगातार सात बार सांसद के रूप में चुनाव जीते।

## शहनाज अख्तर 16 को डोंगरगांव में



### सुमधुर भजनों की देगी प्रस्तुति

### शरद पूर्णिमा के उत्सव पर रंगारंग आयोजन

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारत की प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर 16 अक्टूबर बुधवार को डोंगरगांव में सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगी। शरद पूर्णिमा के अवसर में नगर में आयोजित यह भजन संध्या के आयोजन की तैयारिया अब अंतिम चरण की ओर है। निशांत उत्सव समिति द्वारा शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम नगर के कॉलेज मैदान में संपन्न होना है, जहां कार्यक्रम के लिए भव्य एवम विशाल मंच के साथ ही दर्शकों और श्रोताओं के विशेष दर्शकदीर्घा का निर्माण किया जा रहा है। इस संदर्भ में आयोजन समिति के सदस्यो ने बताया की नगर में कोविड 190 के बाद से कोई भी बड़ा भजन संध्या और जगराता का आयोजन नही हो पाया था। वही नगरवासी प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर को एक लंबे अरसे से सुनना चाह रहे थे, विशेष रूप से महिलाओं की मांग को देखते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित लेकर कार्यक्रम के शोभा बढ़ाने की अपील की गई है।

## महाकुंभ-2025 में 'नेत्र कुंभ' की स्थापना, 9.15 करोड़ का बजट

**लखनऊ।** महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखा जाएगाा। इसी को देखते हुए मेला प्रशासन महाकुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों के लिए 'नेत्र कुंभ' की स्थापना कर रहा है। 9 करोड़ से अधिक धनराशि से स्थापित होने वाला यह 'नेत्र कुंभ' श्रद्धालुओं को एक अस्थायी नेत्र देखभाल सुविधा प्रदान करेगा, जहां मेले के दौरान श्रद्धालुओं की दृष्टि सुधार, मोतियाबिंद सर्जरी और चश्मे का वितरण जैसी सेवाएं प्रदान की जाएगी। 'नेत्र कुंभ' के लिए एक बड़ी केंद्रीय इकाई मुख्य मेला क्षेत्र में स्थापित की जाएगी, जो प्राथमिक नेत्र देखभाल केंद्र के रूप में कार्य करेगी।

## विस अध्यक्ष के जन्मदिन पर 15 को भव्य कवि सम्मेलन










**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक डॉ रमन सिंह के जन्मदिन के अवसर पर आगामी 15 अक्टुबर को एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। युवा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कवि सम्मेलन में देशभर से प्रख्यात कवि पहुंचेंगे। जिनमें डॉ कुमार विश्वास और डॉ सुरेंद्र दुबे जैसे नाम शामिल है। युवा वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष भावेश बैद ने बताया कि विगत वर्षो की तरह ही इस बार भी कवि सम्मेलन को भव्य रुप देने के लिए तैयारियां की जा रही है। उन्होंने बताया कि 15 अक्टुबर दिन मंगलवार को रात आठ बजे से म्यूनिसिपल स्कूल मैदान में आयोजन किया जाएगा, जहां हजारो लोगो के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। इस कवि सम्मेलन में डॉ कुमार विश्वास के साथ ही पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे, डॉ सुमन दुबे, कविता तिवारी एवं दिनेश बावरा द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन समिति ने लोगों से बड़ी संख्या में शामिल होकर इस कवि सम्मेलन का आनंद लेने की अपील की है।




ड्रोन फोटो
(आदित्य मिश्रा कॉन्टेक्ट जमीद भोयर)

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। हवन पूजन के बाद हुआ विसर्जन डोंगरगढ़ में विराजे मां बम्लेश्वरी छोटे मंदिर का ज्योति विसर्जन शनिवार को महावीर तालाब में किया गया।**

nandgaon times oct-14-3.qxd 10/13/2024 10:34 PM Page 2



# कौमी एकता दशहरा उत्सव समिति द्वारा गौरी नगर स्कूल ग्राउंड में हर वर्ष की तरह धूम धाम से आतिशबाजी के साथ मनाया गया विजयदशमी पर्व









**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कौमी एकता दशहरा उत्सव समिति द्वारा वरिष्ठ कांग्रेस नेता हफीज खान के नेतृत्व में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूम धाम से आतिशबाजी के साथ रावण के पुतले का दहन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में जनता उपस्थित रही, साथ ही बच्चों की डांस प्रतियोगिता एवं वार्ड के ऐसे रहवासी जिन्होंने जिले से ले कर प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर तक गौरी नगर व राजनांदगांव का नाम रौशन किया है उन्हें टीका लगाकर शॉल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम बच्चों व प्रतिभाओं का सम्मान किया गया तत्पश्चात आतिशबाजी का आनंद सहित प्रभु श्री राम, श्री लक्ष्मण व श्री हनुमान के रूप आये बच्चों के साथ रावण दहन किया गया। उक्त अवसर पर समिति के अध्यक्ष हफीज खान ने कहा कि इस समिति के गठन व इस कार्यक्रम का उद्देश्य हमेशा से ही कौमी एकता को बढ़ावा देते हुए आपसी सौहाद्र का संदेश देना है हर एक पर्व हम यहां बड़े ही धूम धाम से साथ मे मनाते हैं इसी कड़ी में इस साल भी हमने भव्य आतिशबाजी व रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है साथ ही हमारी परंपरा रही है कि बच्चों व वार्ड की उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देने उनका सम्मान करती है वह हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया गया है सम्मान पाने वालों में वार्ड के वरिष्ठ नागरिक श्री हाजी हलीम बख्श गाजी एवम हज्जन सबीहा गाजी को हज करके लौटने पर कौमी एकता दशहरा उत्सव समिति द्वारा सम्मान किया गया। इसी प्रकार श्रीमती सुशीला नेताम(अध्यक्ष प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ गोडवाना गोड महासभा) का समाज में उत्कृष्ठ कार्य करने हेतु व श्री खेमू यादव, श्री मोहन लाल छेदैय्या, श्री हेमराय यादव, श्री राजेश बाघ, श्रीमती नीरू सेंदुर, श्री सुजान सोना, श्री साबिर अली एवम श्री मनोहर गजभिए द्वारा शासकीय पदो पर रहते हुए समाज के प्रति अपनी भागीदारी पूरी ईमानदारी से निभाते हुए सेवानिवृत्त हुए, जिन्हे कौमी एकता दशहरा उत्सव समिति द्वारा सम्मान किया गया तथा वार्ड में निवासरत उत्कृष्ट छात्र छात्रा राज सिन्हा (आईसीएसएफ में प्रथम) अलवीरा कुरैशी ( सीजी बोर्ड दसवी में टॉपर) शकाइना नाग (साइकोलॉजी में गोल्ड मेडलिस्ट) वैशाली यादव (स्नातक में प्रथम स्थान) उत्कृष्ठ खिलाड़ी विवेक कुमार तिवारी (सॉफ्टबॉल में अखिल भारतीय विश्वविद्यालय में प्रतिनिधि) ओमान नारायण तंबोली (सब जूनियर नेशनल बेसबाल) रिफ्त नाज ( राज्य स्तरीय चित्रकला में टॉपर) समृद्धि शर्मा (लॉन टेनिस में राज्य स्तरीय प्रतिनिधि) धरा सिन्हा (सीबीएसई दसवी टॉपर) मानसी मंडावी ( सीजी बोर्ड दसवी टॉपर) इत्यादि का सम्मान किया गया । रावण रूपी पुतला का निर्माण जीएल देवांगन एवम मोहन छेदैय्या ने किया। कार्यकर्म का संचालन मुकेश मोजेश ने की। उक्त कार्यक्रम में श्री खान सहित वार्ड पार्षद समद खान, सतीश लाल, ज़ाकिर खान, हरीश यादव, विजय यादव, यासीन शेख, नरेंद्र सुलाखे, नरेश यादव, चंदन बनाफर, निलेन्द्र यादव, ताहिर अली, रंजीत यादव, बंशी लाल साहू, नागेश बंजारे, बिलाल शेख, राजू राजपूत, निर्मला यादव, रानी यादव, गिरधर लाला देवांगन, माखन छेदैया, जीवेंद्र कुंजाम, यासीन शेख, प्रकाश रामटेके, मन्नू पंचतिलक, हेमंत प्रताप सिंह, राजा साहू, गोपी सिन्हा डॉक्टर वज्र प्रताप सिंह, जितेंद्र दुबे, दुर्गा यादव, बबला यादव, रवि भट्ट, वीरेंद्र भट्ट, कादिर अंसारी, फिरोज सौदागर, रफीक खान आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बोर खनन शुभारंभ

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जनपद क्षेत्र ग्राम पंचायत



धामनसरा में उपाध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव रोहित चंदाकर ने 15वे वित्त से बोर खनन स्वीकृत किया था जिसके शुभारंभ महामंत्री जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव योगेन्द्र दास वैष्णव सरपंच लोकेश कुमार गंगवीर अध्यक्ष ग्राम विकास समिति ढालू राम पटेल वरिष्ठ कांग्रेसी हेमू राम साहू ने धरती माता पुजा अर्चना कर शुभारंभ किया।

## निधन

**श्रीमती सावित्री राजकुमार द्विवेदी**



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम पंचायत शिवपुरी के सरपंच वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार द्विवेदी की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री द्विवेदी उम्र 50 वर्ष का हृदय गति रुकने से 11 अक्टूबर गुरुवार की शाम निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई।शनिवार 12 अक्टूबर को प्रात: 10.30 उनकी अंतिम संस्कार यात्रा निज निवास से जेल रोड स्थित मुक्तिधाम में पंचतत्व में विलीन हुई। वे वर्तमान में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव की उपाध्यक्ष थी। उनके निधन पर पूर्व विधायक रामजी भारती, विनोद खांडेकर, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल सहित ब्राह्मण समाज सरपंच संघ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक परिवार विश्व जागृति मिशन सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

## सप्ताह के सितारे (14 अक्टुबर 2024)

### दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 1- 2 - 5 - 6 | 15-51-16-61-56-65 |
| मंगल | 1- 3 - 4 - 8 | 13-31-14-41-34-43 |
| बुध | 3 - 4 - 7 - 0 | 47-74-40-04-30-03 |
| गुरू | 2- 5 - 6 - 0 | 60-06-10-01-50-05 |
| शुक्र | 3 - 4 - 5 - 6 | 35-53-36-63-45-54 |
| शनि | 2 - 4 - 6- 8 | 46-64-48-84-39-93 |

अंकों का बादशाह -3 सप्ताह में अचूक 2 - 7 - 8 - 9

सप्ताह का वरदान -0 स्पेशल - 85- 76 -80 -95

सप्ताह में देखे

| | |
|---|---|
| (1) 12 - 17 - 18 - 19 | (6) 62 - 67 - 68- 69 |
| (2) 22 - 27 - 28 - 29 | (7) 72 - 77 - 78 - 79 |
| (3) 32 - 37 - 38 - 39 | (8) 82 - 87 - 88 - 89 |
| (4) 42 - 47 - 48 - 49 | (9) 92 - 97 - 98 - 99 |
| (5) 52 - 57 - 58 - 59 | (10) 02 - 07 - 08 - 09 |

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 69-76-12-45-30-14 | 83-84-07-48-04 |
| 08-85-87-40-13-14 | 80-41-46-67-08 |
| 54-82-34-70-57-03 | 79-57-90-00-49 |
| 85-64-47-87-85-97 | 42-13-56-08-47 |
| 58-06-51-13-74-39 | 39-70-84-10-67 |

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

# रामायण का अभिन्न हिस्सा है छत्तीसगढ़ - दीपक बैज

## कमला कॉलेज ग्राउंड में धूमधाम से मनाया गया दशहरा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** इस वर्ष राजा दिग्विजय दास विजयादशमी महोत्सव समिति द्वारा कमला कॉलेज ग्राउंड में बड़े धूमधाम से दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव में पारंपरिक रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ उड़ीसा की मशहूर आतिशबाजी का भी विशेष आकर्षण था। आतिशबाजों ने कई रंग-बिरंगी आतिशबाजियों से आसमान को न सिर्फरोशन किया, बल्कि सभी का दिल जीत लिया। इस आयोजन में म्यूजिक माफिया बैंड के कलाकारों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस वर्ष के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने हिस्सा लिया। वे देर शाम समारोह में पहुंचे और उपस्थित जनसमूह के साथ रावण दहन का प्रतीकात्मक अनुष्ठान संपन्न किया। आयोजन समिति द्वारा 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का निर्माण किया गया था, जिसे धार्मिक अनुष्ठान के बाद आग के हवाले किया गया। यह दहन अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक माना जाता है। रावण दहन के समय उत्सव में हजारों की संख्या में शहर के नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और उत्साहपूर्वक इस धार्मिक आयोजन का हिस्सा बने। दीपक बैज ने अपने संबोधन में भगवान श्रीराम के आदर्शों



और उनके चरित्र पर प्रकाश डालते हुए छत्तीसगढ़ के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल है और इस भूमि का उनसे एक विशेष जुड़ाव है। उन्होंने यह भी कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम उस प्रदेश से हैं, जहां भगवान राम का वनवास हुआ और इसी भूमि पर उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण लीलाएं संपन्न कीं। दीपक बैज ने श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कहा कि हम सभी को सत्य के मार्ग पर चलते हुए जीवन जीना चाहिए, क्योंकि सत्य की सदैव विजय होती है। उन्होंने कहा कि श्रीराम हमें आशीर्वाद दें कि असत्य का हमेशा पराजय हो और सत्य का विजय। आयोजन समिति द्वारा दशहरा उत्सव के इस अवसर पर विस्तृत व्यवस्था की गई थी। हजारों लोगों के बैठने के लिए पर्याप्त स्थान का प्रबंध किया गया था। खाने-पीने की स्टॉल और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध थीं, जिससे आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस भव्य आयोजन में न केवल स्थानीय नागरिकों बल्कि आसपास के गाँवों और अन्य क्षेत्रों से भी लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। यह उत्सव छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, जो हर वर्ष दशहरे के अवसर पर धूमधाम से मनाया जाता है और लोगों में उत्साह और उल्लास का संचार करता है। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक बैज रहे. वहीं प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महासचिव अंकित सिंह गैंदू, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, आमीन मेमन, कोको पाढ़ी, वरिष्ठ नेता श्री किशन खंडेलवाल, कुतुबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, शाहिद भाई, कुलबीर सिंह छाबड़ा, पदम कोठारी, राकेश जोशी, रमेश खंडेलवाल, अशोक फ्ड़णवीस, प्रशांत बोकड़े शामिल हुए. समिति संयोजक रूबी गरचा, देवेंद्र साव, आफ्ताब अहमद, विन्नी अजमानी, रोहित बिसेन, वीरेंद्र चौहान, सुभाष श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में सभी की सहभागिता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है. कार्यक्रम का संचालन लोकेश शर्मा ने किया.

# जंगलेसर में रामलीला का हुआ मंचन 31 फीट रावण का पुतला दहन



**धीरज तिवारी**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर से लगे ग्राम जगलेसर पर विजया दशमी दशहरा बड़े ही हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया।समस्त ग्राम वासियों एवं आयोजक समिति द्वारा रामलीला का मंचन किया गया और रामलीला मंचन के पश्चात 31 फ़ीट रावण का पुतला को दहन किया गया।यह जानकारी ओंकार निषाद ने दिया।

# राजनांदगांव विप्र फाउण्डेशन अध्यक्ष जोशी ने की रायगढ़ के विप्रजनों से सौजन्य भेंट



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नवरात्रि की पावन नवमी तिथि को विप्र फाउंडेशन राजनांदगांव के अध्यक्ष अशोक जोशी प्राचार्य ने अपने रायगढ़ प्रवास के दौरान वहां विप्र फाउंडेशन के सदस्यों से सौजन्य भेंट कर आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर रामचन्द्र शर्मा (राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य) कमल शर्मा (प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य) विजय शर्मा,मार्बल (जिला अध्यक्ष रायगढ़) राजेश शर्मा (महामंत्री) नवीन शर्मा, ट्रांसपोर्ट (उपाध्यक्ष) सुरेन्द्र शर्मा वरिष्ठ सदस्य,संत लाल शर्मा,रवि व्यास,अनिल शर्मा सभी कार्यकारिणी सदस्यगण उपस्थित रहे।

# पार्षद चंपू की स्वच्छता ही सेवा संकल्प अभियान की टीम पहुंची पूर्व महापौर के गृह वार्ड मोतीपुर

## पार्षद राजेश गुप्ता की अगुवाई में मोतीपुर दुर्गा पंडालों के आसपास हुई साफ सफाई, पार्षद राजेश गुप्ता चंपू स्वच्छ भारत अभियान में लगा रहे अपना तन - मन और धन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** महापौर परिषद के विधि एवं सामान्य प्रशासन विभाग के पूर्व सदस्य एवं इंदिरा नगर वार्ड क्रमांक41 के सक्रीय पार्षद राजेश गुप्ता चंपू द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से प्रेरित होकर राजनांदगांव शहर को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से बनाई गई स्वच्छता ही सेवा संकल्प की टीम नवरात्रि पर्व शुक्रवार संध्याकालिन को पूर्व सांसद एवं पूर्व महापौर श्री मधुसूदन यादव जी के गृह क्षेत्र मोतीपुर में पहुंची। मोतीपुर पहुंचकर स्वच्छता ही सेवा का संकल्प लिए पार्षद राजेश गुप्ता चंपू अपने हाथों में झाडु लिए निम्नांकित शक्ति पंडालों जैस 1 बाल सरस्वती उत्सव समिति, विवेकानंद चौक 2 जय माँ कालिका उत्सव समिति, रामनगर, 3 नवनीत मित्र मंडल रेलवे चौकी, 4 न्यू सरस्वती उत्सव समिति सदर लाइन, 5 संतोषी माता मंदिर काई तालाब, 6 सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति आजाद चौक, 7 युवा आजाद हिंद सरस्वती उत्सव समिति, शीतला पारा, 8 मयूर शारदा उत्सव समिति सदर लाईन, 9 सरस्वती पूजन समिति, 10 न्यू बाल सरस्वती उत्सव समिति चौकी, 11 नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति सतनामी पारा, 12 युवा शारदा उत्सव समिति चौकी पारा, 13 माँ रानी



उत्सव समिति सतनामी पारा, 14 माँ शैलपुत्री शारदा उत्सव समिति बाई बाड़ा, 15 बाल सरस्वती उत्सव समिति, आजाद चौक, 16 जय श्री महाकाल दुर्गा उत्सव समिति के आस-पास झाडु लगाकर साफ-सफाई की गई।गौरतलब हो कि पार्षद राजेश गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा दिनांक 17 भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती सितंबर से 2 अक्टूबर चलाए गए देश व्यापी स्वच्छता ही सेवा अभियान से प्रभावित होकर पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती पर संकल्प लिया है कि वह इस अभियान को रुकने नहीं देंगें वे स्वंय के खर्च से गठित स्वच्छता टीम के सदस्यों द्वारा व खुद हाथों में झाडु लेकर सुबह दो घंटे एवं शाम को दो घंटे शहर के 51 वार्डो में निरंतर साफ-सफाई कर,स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे।इस दौरान पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने समिति के सदस्यों के अपील करने पर विशेष सहयोग भी प्रदान करते नजर आए। बहरहाल अब लोगों में इस बात की चर्चा है कि जब इंदिरा नगर वार्ड नंबर41नगर पालिका निगम राजनांदगांव का पार्षद हाथों में झाडु लिए अपने वार्ड के साथ ही साथ दिगर वार्डो में सफाई अभियान स्वच्छता ही सेवा संकल्प के माध्यम से सेवा कर रहा है तो हमारे जनप्रतिनिधि क्यों नहीं यह सवाल उठाने के लिए मजबूर हो रहें हैं।पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने बताया कि यह स्वच्छता ही सेवा संकल्प अभियान विभिन्न वार्डो निरंतर रुप से चलता रहेगा।सनद रहे कि पार्षद राजेश गुप्ता चंपू स्वच्छ भारत अभियान में अपना तन - मन और धन लगा के भारत माता की सेवा करने तत्पर दिख रहे हैं।

## ज्ञान मंथन

*1) अल्जाइमर बीमारी क्या है?*
*2) नील हरित शैवाल द्वारा किस फसल में नाइट्रोजन स्थिरीकरण किया जाता है?*
*3) चितरंजन लोकोमोटिव द्वारा प्रथम विद्युत इंजन का निर्माण कब किया गया?*
*4) टेब्युलेटर जिसका उपयोग सांख्यिकीय सूचनाओं को संचालित करने हेतु काड्र्स को पंच करने के लिए किया जाता है, का आविष्कार किसने किया था?*
*5) किसे वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ऑफ द ईयर पीपुल्स च्वाइस अवार्ड 2023 मिला है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) स्मृति और संज्ञानात्मक कौशल को प्रभावित करने वाली एक प्रगतिशील मस्तिष्क स्थिति (2) धान की फसल (3) 1961 (4) हरमन होलेरिथ (5) नीमा सरीखानी, आइस बेड

## एक निवेदन



हमने अपने बचपन से यही देखा और समझा है कि सफाई की जवाबदारी नगर पालिका ,नगर निगम आदि नागरिक संस्थाओं की ही है।

तब से यह भाव मन मस्तिष्क में समाहित है कि गंदगी चाहे जो भी हो, उसे ठिकाने लगाने में हमारी कोई जिम्मेदारी नही है।

इस सभ्य समाज में वर्तमान परिवेश मे यह जिम्मेदारी हमें स्वयं लेनी होगी कि मैं सड़क - नाली में वेस्ट मैटेरियल नही डालूँगा बल्कि उस नियत स्थान पर ही ठिकाने लगाऊंगा।

नदियों को सभ्यता का केंद्र कहा जाता है और इसी के आसपास अनेक नगर फलते - फूलते हैं। हर शहरी क्षेत्र में जीवन दायिनी नदी का सहारा होता है ,जिसकी बदौलत हम रोजमर्रा की दिनचर्या आसानी से कर पाते हैं। जिस जीवन दायिनी से हमें जल मिलता है, उसी जीवनदायिनी में हमारे घरों से निकला गंदा पानी नालियों के माध्यम से जाकर मिलता है। यह समस्या विकराल रूप ले रही है।

हमें अपने घर - द्वार को साफसुथरा रखने, सफाई और झाडू के दौरान निकले वेस्ट कचरे को आसानी से खुली नाली में डालते समय तनिक भी संकोच नहीं होता। आज से चार दशक पूर्व पालिथिन, डिस्पोजल सामग्रियों आदि का चलन नही था। तब कच्ची नालियाँ और नाले होते थे और वेस्ट पानी का बहाव जीवनदायिनी तक पहुँचते तक कुछ हद तक शोधित हो जाता था। वर्तमान परिवेश में गली के रास्ते,सड़कें, नालियाँ आदि पक्की हो चुकी हैं, जिसमें हम ही गंदगी फैला रहे हैं। हालांकि कुछ हद तक स्वच्छ भारत मिशन के तहत जागरूकता बढ़ी है ।

सड़कों पर मवेशियों का झुंड जैसे अपने मालिक के विरोध में क्रमिक हड़ताल पर बैठे हों, ऐसे जमे रहते हैं।जिनकी दशा देख हर किसी के मन में उनके पालकों के प्रति आक्रोश पैदा हो ही जाता है । सड़क दुर्घटना मे मवेशी घायल होते हैं और इंसान भी इनसे टकरा कर घायल हो रहे हैं।

**नित्य निवेदन से शहर स्वच्छ कर डालें,**
**हम नियत स्थान पर ही कचरा डालें।**

**हो मेरी गाय मेरे पास**
**न हो दुर्घटना आस-पास।**

**सड़कें नाली हों साफसुथरे,**
**स्वास्थ्य हमारी इसी से सुधरे।**

**गजेंद्र बख्शी**
**अधिवक्ता**
**रिद्धि सिद्धि कालोनी**
**राजनांदगांव**
**9827184147**

# दीपक बैज ने किया राजनांदगांव में रावण का वध : कुलबीर

## न्यू सर्किट हाउस में शहर कांग्रेस ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का किया अभिनंदन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बुराई पर अच्छाई की जीत, असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयदशमी का पर्व संस्कारधानी में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए स्थानीय कमला कालेज मैदान में राजा दिग्विजय दास दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित रावण वध समारोह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज 12 अक्टूबर शनिवार को दशहरा उत्सव मनाने राजनांदगांव शहर पहुंचे थे। सर्वप्रथम वे न्यू सर्किट हाउस बसंतपुर पहुंचे जहां पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा फुलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेसजनों से भेट मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछा व संगठनात्मक चर्चा की। जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शकील रिजवी एवं उनके पदाधिकारी द्वारा अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। तत्पश्चात कमला कालेज मैदान में आयोजित दशहरा उत्सव समिति समारोह में शिरकत की जहां पर जनसमुदाय



को अभिवादन करते हुए पीसीसी चीफ दीपक बैज ने संस्कारधानीवासियों को दशहरा पर्व की बधाई देते हुए कहा कि बुराई कितनी भी बड़ी क्यों न हो अच्छाई के सामने छोटी ही होती है, असत्य पर सत्य की जीत, बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक का पर्व है विजयदशमी। मेरी यही कामना है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश भयमुक्त हो, भ्रष्टाचार मुक्त राज्य बने, बुराईयों का नाश हो, सर्वत्र शांति हो, सभी को समानता का अधिकार मिले। हम आज यह संकल्प लें कि हमारे अंदर बैठी अहंकार रूपी रावण का वध हो और मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम जी मन मंदिर में विराजे। तत्पश्चात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा अहंकार के प्रतीकात्मक स्वरूप दशानन रावण का वध किया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री प्रभारी एवं प्रशासन संगठन श्री मलकीत सिंह गेन्दू, कांग्रेस अल्पसंख्यक आयोग के प्रदेश अध्यक्ष श्री अमिन मेनन ने संस्कारधानी वासियों को विजयादशमी पर्व शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम स्थल पर अखिल भारतीय युवक कांग्रेस के महासचिव श्री कोको पाढ़ी ने उपस्थित जनसमुदाय को दशहरा पर्व की बधाई संदेश दिया। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, महापौर हेमा देशमुख, रमेश डाकलिया,नरेश डाकलिया रूबी गरचा, अमित चंद्रवंशी,मनीष साहू पार्षद अशोक फड़नवीस, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, योगेन्द्र प्रताप सिंह, अभिमन्यु मिश्रा, हफीज वारसी, विशु अजमानी, सुरेन्द्र देवांगन, शैलेष ठावरे, संदीप सोनी, अब्बास खान, राहूल देवांगन, संदीप जायसवाल, अर्जुन कुर्रे,मुस्तफा जोया, योगेश सिंह, जितेन्द्र सिन्हा, जावेद अंसारी,मोहसिन कुरैशी,शानू मैडी,पप्पू खान,मोहर्रम अली अंसारी बीवी,गोलू मामा,सुहैल शेख,अहमद रजा,नासिर खान,रमींदार भाटिया ,ताहिर जोया ,आँशु खान,तनवीर ,नवाज कुरैशी बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम ने सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता जीती




**इंदौर ( नांदगांव टाइम्स )।** गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल इंदौर द्वारा आयोजित सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के 17 वर्ष आयु समुह में दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम ने स्वर्ण पदक जीता। फायनल में डी पी एस राजनांदगांव की टीम ने ज्योति निकेतन इंग्लिश मिडियम स्कूल केरल को 64-41 अंको से परास्त किया ।इसके पूर्व सेमीफाइनल मैच में एपेक्स स्कुल दिल्ली को 66-44 अंको से, क्वार्टर फाइनल मैच में राजनांदगांव की टीम ने गुरुनानक पब्लिक स्कुल चंडीगढ़ को 50-23 अंको से इसके अतिरिक्त लीग मैचेस में डी पी एस राजनांदगांव की टीम ने पहले लीग मैच में गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल इंदौर को 26-01 अंको से, सुगुना पी आई पी कोयंबटूर को 43-14 अंको से, ज्योति निकेतन इंग्लिश मिडियम स्कूल केरल को 37-28 अंको से परास्त कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम की और से नताशा प्रजापति, अदिति कोडापे, अंजली कोडापे, आर्या विजय अवारे, इशा सिंह, भावना बैरवा, अंकिता गुप्ता, नंदनी, आयुषी पटेल, अक्षदा इंगलेकर, एवं उत्तरा विश्वकर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की नताशा प्रजापति को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। टीम के कोच कालवा राजेश्वर राव, कालवा राधा राव सहायक कोच बबिता तिग्गा थे। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की 17 वर्ष से कम आयु वर्ग की बालिका बास्केटबॉल टीम एस जी एफ आई द्वारा आयोजित स्कूल नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कर गई है।

# छत्तीसगढ़ की माटी लेकर यश सोनी की अयोध्या तक साइकिल यात्रा: उत्तर भारत के राज्यों का करेंगे भ्रमण



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध साइकिल यात्री यश सोनी एक बार फिर से एक अनोखी यात्रा पर निकलने वाले हैं। इस बार उनका लक्ष्य छत्तीसगढ़ की माटी को अयोध्या में प्रभु श्री राम जी के दरबार तक पहुंचाना है और वहां से आशीर्वाद लेकर अपनी साइकिल यात्रा जारी रखना है। यश सोनी उत्तर भारत के कई प्रमुख राज्यों जैसे बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लेह-लद्दाख, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान का भ्रमण करेंगे। अंत में, वे दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने की दूसरी कोशिश करेंगे।

बीते 2 महीने पहले उन्होंने छत्तीसगढ़ के 10 जिलों में 11,000 वृक्ष लगाकर साइकिल यात्रा पूरी की थी, लेकिन उन्हें शासन-प्रशासन का कोई सहयोग नहीं मिल सका। सोनी ने रायपुर में अपनी यात्रा समाप्त करते हुए मुख्यमंत्री और मंत्रियों से भी मिलने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इस नई यात्रा का उद्देश्य भी छत्तीसगढ़ और भारत की संस्कृति, नीति और योजनाओं को समझना और लोगों को जागरूक करना है। हिमालय की ऊंची चोटियों पर छत्तीसगढ़ का तिरंगा फहराने का संकल्प

यश सोनी ने छत्तीसगढ़ के गौरव को बढ़ाने का एक नया संकल्प लिया है— वे लेह-लद्दाख और हिमालय की ऊंची चोटियों पर छत्तीसगढ़ का तिरंगा फहराएंगे। उनकी इस यात्रा में साइकिल के माध्यम से उत्तर भारत के राज्यों का विस्तृत भ्रमण शामिल है, जहां वे इन राज्यों की जीवनशैली, संस्कृति और प्रशासनिक नीतियों का अध्ययन करेंगे। सोनी ने वर्ष 2023 में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले की माटी को संग्रहित किया था और अब वे इस माटी को प्रभु श्री राम जी तक पहुंचाना चाहते हैं, ताकि छत्तीसगढ़ के लिए समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद प्राप्त किया जा सके। यश सोनी अब तक 2 लाख किलोमीटर से ज्यादा की साइकिल यात्रा कर चुके हैं और वे विश्व रिकॉर्ड के साथ तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी अपने नाम कर चुके हैं।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क से पंडरिया व कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के लिए 14 सडको के लिए 15 करोड़ 25 लाख स्वीकृत

## कबीरधाम जिले में 14 सड़कों के निर्माण के लिए 15 करोड़ 25 लाख मंजूर, जिले में अब मनेगा संपर्क क्रांति का पर्व

**पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर पंडरिया विधानसभा के लिए 10 और कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के लिए 4 सडक हुए स्वीकृत, हजारो ग्रामीण होंगे लाभान्वित**

**कवर्धा ( नांदगांव टाइम्स )।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर राज्य सरकार ने पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के लिए 10 और कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के लिए 4 कुल 14 सड़के स्वीकृत हुई है। इन पर 15 करोड़ 25 लाख व्यय होंगे। इन सडको के लिए विभागीय स्वीकृतियां जारी की गई है। क्षेत्र के निवासियों के लिए यह सभी सड़के अत्यंत महत्वपूर्ण है। इनके माध्यम से कई गाँव मुख्य मार्ग से सीधे जुड़ जाएंगे। इन सडको से हजारों लोगो को आवागमन में सुविधा होगी। कबीरधाम जिले में स्वीकृत 14 सड़को के निर्माण होने से जिले में संपर्क क्रांति के लिहाज से महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में मूलभूत तथा बुनियादी सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। कबीरधाम जिले में उप



मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से क्षेत्र में नित नए सडको के निर्माण के लिए स्वीकृतियां मिल रही है।आने वाले समय में वनांचल से लेकर मैदानी क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को सडक मार्ग आवागमन में सुविधा होगी। इससे कृषको को भी परिवहन बड़ी राहत होगी। *यह सड़के हुई स्वीकृत*- बोक्करखार से अमापानी 5 किमी 188.47 लाख , एन एच 12 से दुल्लापुर 2.85 किमी 48.66 लाख,गेगड़ा से चचेडी 3.65 किमी 281.32 लाख इन्दौरी से बहरमुड़ा 2.80 किमी 124.36 लाख,मेनरोड से हीरापुर 1.50 किमी 64.75 लाख , मरका से खैरवार 2.75 किमी 216.63 लाख , बाहबलियाँ से बम्हईपुर 1.90 किमी 50.01 लाख, झेरियाकला से सिरमाडबरी 0.80 किमी 41.69 लाख, माहीडबरा से बिरहुलडीह 9.80 किमी 202.81 लाख , खैरझिटी से सेमरिया 2.10 किमी 92 .68 लाख ,मेनरोड एस एच 09 से रक्से 1.10 किमी 54 .12 लाख ,पवनतरा से रानीदहरा 2.30 किमी 87.98 सहपुर लोहारा से विरेन्द्र नगर .50 किमी 44 .82 लाख ,वीरेंद्र नगर से कोहडिया 0.30 किमी 27 .61 लाख 7 जिले में कुल 14 नई सडक 37 .35 किलोमीटर के लिए 15.25 करोड़ रूपये की लागत से प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना से स्वीकृति मिली है .

## धर्म समाचार....

# इन सोलह श्रृंगार के बिना है अधूरा है करवा चौथ का व्रत




पंचांग के अनुसार इस बार करवा चौथ का व्रत 20 अक्टूबर को किया जाएगा। ऐसा माना जाता है कि करवा चौथ के दिन सोलह श्रृंगार न करने से व्रत अधूरा माना जाता है। इसलिए इस दिन सुहागिन महिलाओं को सोलह श्रृंगार करना जरूर करना चाहिए। आइए इस लेख में हम आपको बताएंगे कि सोलह श्रृंगार )में किन चीजों को जरूर शामिल करना चाहिए? पंचांग के अनुसार, हर साल कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को करवा चौथ का पर्व देशभर में बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं वैवाहिक जीवन को खुशहाल बनाए रखने के लिए विशेष श्रृंगार कर निर्जला व्रत करती हैं। इससे पति को लंबी आयु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। वहीं, अविवाहित लड़कियां भी शीघ्र शादी के लिए व्रत रखती हैं। इससे उन्हें मनचाहा जीवनसाथी मिलता है।

**आखिर क्या है सोलह श्रृंगार ?**

सिंदूर- सोलह श्रृंगार में सबसे महत्वपूर्ण सिंदूर को माना जाता है। मान्यता है कि सिंदूर लगाने से पति की आयु लंबी होती है। मांगटीका- यह सोना या फिर किसी अन्य का धातु बना होता है। इसे महिलाएं बालों के बीच माथे पर लगाती हैं। बिंदी- सनातन धर्म में लाल बिंदी को वैवाहिक रिश्ते के प्रति समर्पण का प्रतीक माना जाता है। इसे माथे पर लगाया जाता है। गजरा- यह फूलों से बना होता है। इसे बालों के जूड़े और चोटी में पहना जाता है। काजल- आंखों की सुंदरता को बढ़ाने के लिए महिलाएं काजल लगाती हैं। इससे बुरी नजर से बचाव होता है। नथ - नथ को सुहाग की निशानी माना जाता है। इसे किसी शुभ अवसर पर पहना जाता है। कुंडल- यह सोने और चांदी या फिर अन्य किसी धातु के बने होते हैं। इससे महिलाओं की सुंदरता बढ़ती है। मंगल सूत्र- श्रृंगार में मंगलसूत्र को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। इसे सुहाग की निशानी माना जाता है। बाजूबंद- बाजूबंद को ऊपरी बांह पर पहना जाता है।

यह मोती या हीरे से बना होता है। बिछुआ- इसे पैरों की उंगलियों में पहना जाता है। यह भी सुहाग का प्रतीक है। चूड़ियां- सुहागिन महिलाओं के द्वारा चूड़ियों को पहनने से हाथों की शोभा बढ़ती है। मेहंदी- इसे हाथों और पैरों की खूबसूरती निखारने के लिए लगाया जाता है। अंगूठी- शादी के दौरान वर-वधू एक-दूसरे को अंगूठी पहनाते हैं। आलता- यह लाल रंग का तरल पदार्थ होता है, जिसे सुहागिन महिलाएं पैरों और हाथों पर लगाती हैं। इससे हाथ और पैरों की चमक बढ़ती है। कमरबंद- कमर के चारों तरफ पहना जाने वाला एक सजावटी बेल्ट को कमरबंद कहा जाता है। यह सोना, चांदी या फिर अन्य धातु का बना होता है। पायल- इसे दोनों पैरों में पहना जाता है। इसे महिलाओं का प्रमुख श्रृंगार माना जाता है।

## लाफिंग बुद्धा को घर में इस स्थान पर रखकर देखें, होगी पैसों की बौछार

लाफिंग बुद्धा को घर में रखने से सुख और समृद्धि आती है। इसे मुख्य द्वार के सामने और पूर्व दिशा में रखना शुभ होता है। यह नकारात्मकता को दूर करता है और परिवार के सदस्यों के जीवन में खुशी बढ़ाता है। पढ़ें लाफिंग बुद्धा से जुड़े तथ्य। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में चीजों का सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव होता है। इसलिए यह जरूरी है कि हर वस्तु को सही दिशा में रखा जाए। लाफिंग बुद्धा को घर में रखने से सुख और समृद्धि आती है, जिससे घर का माहौल खुशहाल रहता है। आइए ज्योतिषाचार्य प्रभु दयाल दीक्षित से जानते हैं लाफिंग बुद्धा के लाभ और रखने की सही दिशा के बारे में। मान्यता के अनुसार, लाफिंग बुद्धा का असली नाम होताई है, जो जापान के निवासी थे। उन्होंने बौद्ध धर्म अपनाया और आत्मज्ञान प्राप्त करने के बाद जोर-जोर से हंसना शुरू किया। उनका जीवन लोगों को हंसाने का लक्ष्य बना, जिससे उन्हें लाफिंग बुद्धा का नाम मिला, जिसका अर्थ है 卐हंसते हुए भगवान बुद्ध卐। लाफिंग बुद्धा को खुशियों का प्रतीक माना जाता है। उन्हें घर में रखने से सुख-समृद्धि बढ़ती है और नकारात्मक प्रभाव कम होते हैं, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुशहाल जीवन जीते हैं। लाफिंग बुद्धा को सही दिशा में रखना जरूरी है। इसे घर के मुख्य द्वार के सामने रखना चाहिए, विशेष रूप से पूर्व दिशा में। इसके अलावा, बच्चों के स्टडी रूम में रखने से उनका पढ़ाई में ध्यान लगता है। ज्योतिषाचार्य प्रभु दयाल दीक्षित के अनुसार, लाफिंग बुद्धा की मूर्ति को मुख्य द्वार के सामने रखा जाना चाहिए, जिसकी ऊंचाई लगभग 30 इंच होनी चाहिए। इसे रसोई, डाइनिंग एरिया, बेडरूम और बाथरूम में नहीं रखना चाहिए।



nandgaon times oct-14-3.qxd 10/13/2024 10:34 PM Page 4




- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...





स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971



# छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति में संमुखा के गीतों पर झूमे दर्शक






**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विजयादशमी के पावन अवसर स्थानीय म्युनिसिपल स्कूल मैदान में छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति के तत्वाधान में शानदार सत्रहवें वर्ष रावण दहन का आयोजन सम्पन्न किया गया । आयोजन के दौरान पार्श्व गायिका संमुखा प्रिया की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया । इसके साथ ही मुम्बई की आकर्षक आतिशबाजी को भी शहर की जनता ने खूब सराहा। विजयादशमी महोत्सव में पार्श्व गायिका इंडियन आईडल फेम शनमुखा प्रिया के गानों से संस्कारधानी झूमती रही। मुंबई से सारेगामापा एवं इंडियन आइडल की प्रतिभागी रही पार्श्व गायिका शनमुखा प्रिया ने टीम के साथ अपनी मधुर आवाज में गीतों की प्रस्तुति दी। मुंबई की कम्प्यूटराइज्ड शानदार आतिशबाजी के साथ रावण दहन किया गया। शनमुखा प्रिया ने राम आएंगे... रामा रामा रामा.., अई गीरी नंदीनी.., जैसे गीतों से संगीत प्रेमियों का मन मोह लिया। सहायक गीतकार अमय दाते जो कि कलर्स पर राईजिंग स्टार शो में प्रतिभागी रहे हैं उन्होंने गणपति माझा लालबागा चा राजा.. - मौज मस्ती.. जैसे गीतों के साथ शनमुखा प्रिया का साथ दिया। प्रसिद्ध कलाकार - सिद्धार्थ हाण्डा जी ने शानदार अंदाज में प्रस्तुति दी। शरद श्रीवास्तव ने मंच को संभाला। इस अवसर पर अतिथियों की मौजूदगी में सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी गई। उद्बोधन के दौरान विधानसभा अध्यक्ष डाक्टर रमन सिंह जी ने कहा कि छत्तीसगढ़ जन महोत्सव जन महोत्सव समिति ने सत्रह वर्षों में लगातार एक से बढ़कर एक कलाकारों को बुलाकर कार्यक्रम की सफलता की ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि म्युनिसिपल स्कूल का मैदान अब दर्शकों के लिए छोटा पड़ने लगा है इसलिए मैदान को कैसे बड़ा किया जाए इस पर विचार करना जरूरी है । डाक्टर रमन सिंह जी ने समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी, प्रशांत कांकरिया, हरीश शर्मा सहित सभी पदाधिकारियों को सफल आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि बुराई पर अच्छाई के जीत के इस महापर्व पर संस्कारधानी वासियों का प्रेम स्नेह इस आयोजन की सफलता को दर्शाता है। आयोजन में मौजूद सांसद संतोष पांडेय जी ने रामायण के श्लोक से शुरुआत करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन हमे संस्कृति से जोड़े रखने का काम करते हैं । उन्होंने कहा कि गायिका संमुखा प्रिया ने शिव तांडव स्त्रोत का जो वाचन किया वह मंत्रमुग्ध कर देने वाला था। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने भी सभी को विजयादशमी बधाई दी । समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी ने सभी दर्शकों व समिति के सदस्यों व सहयोगियों का आभार जताते हुए कहा कि आप सभी के प्रेम स्नेह से छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति ने आज अपना सत्रहवाँ साल पूरा किया है और हमे विश्वास है कि आने वाले समय मे भी हम कार्यक्रम को बेहतर से और बेहतर बनाने का प्रयास आप सबके सहयोग से करेंगे। कार्यक्रम में मौजूद पार्श्व गायिका संमुखा प्रिया सहित अन्य कलाकारों ने मुक्त कंठ से आयोजन की सराहना की और कहा कि इतनी बड़ी भीड़ और दर्शकों का इतना प्रेम उन्हें कहीं नहीं मिला। पूरे आयोजन में पुलिस प्रशासन, नगर निगम, क्कझुष्ठ सहित सभी के योगदान के लिए समिति ने आभार प्रकट किया।

# बम्लेश्वरी माता की ज्योत जंवारा विसर्जन





**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** धर्म नगरी डोंगरगढ़ में विराजित विश्व प्रसिद्ध मां बमलेश्वरी देवी के दरबार में 9 दिनों तक चलने वाले नवरात्र पर्व का समापन भव्य ज्योत कलश विसर्जन के साथ संपन्न हुआ! जहां नवमी के अवसर पर माता के दरबार में प्रज्वलित किए गए भक्तों के द्वारा मनोकामना ज्योत कलश का विसर्जन प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पूरे विधि विधान के साथ प्राचीन महावीर मंदिर तालाब में किया गया. हर नवरात्र में नवमी के शुभ अवसर पर मां बमलेश्वरी के दरबार में भक्तों के द्वारा जलाए गए मनोकामना ज्योत का विसर्जन महिलाओं के द्वारा सर पर रखकर भव्य शोभायात्रा के माध्यम से किया गया जिसको देखने के लिए नवमी की देर रात बड़ी संख्या में माता के भक्त पहुंचते हैं. वही ज्योत कलश के विसर्जन के दौरान मां बमलेश्वरी मंदिर में प्रचलित किए गए माई ज्योत का मिलन शीतला मंदिर के माई ज्योत से होता है इसके बाद दोनों ही मंदिरों के ज्योत महावीर मंदिर प्रांगण पहुंचते हैं और महावीर मंदिर तालाब में आस्था के ज्योत का विसर्जन किया गया! ज्योत विसर्जन कार्यक्रम की भव्यता का अंदाजा इससे ही लगाया जा सकता है कि ज्योत विसर्जन शोभा यात्रा के दौरान जब महिलाएं अपने सर पर ज्योत रख कर विसर्जन के लिए निकलती है तब मां बमलेश्वरी मंदिर और प्राचीन महावीर मंदिर तालाब के बीच पड़ने वाले हावड़ा मुंबई रेल लाइन पर ट्रेनों के संचालक को भी रेल प्रशासन के द्वारा रोक दिया जाता है ताकि माता के ज्योत विसर्जन का कार्य निर्विघ्न शांतिपूर्ण तरीके से पूरा किया जा सके!

# सिनेमा लाइन मे गरबा की धूम व कन्या भोज



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नीलकंठ शिव मंदिर समिति के तत्वाधान में शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर गरबा का कार्यक्रम पंचमी से लेकर नवमी तक पांच दिवसीय रखा गया जिसमें बच्चों और महिलाओं द्वारा नृत्य कर गरबा उत्सव मनाया गया गरबा का शुरुआत महिलाओं व बच्चों द्वारा माता रानी के पूजा अर्चना कर रंगारंग शुरुआत की गई साथ ही सभी मोहल्ले वासियों के सहयोग से कन्या भोज का कार्यक्रम भी किया गया समापन दिवस पर समिति द्वारा महिलाओं व बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें उत्कृष्ट वेशभूषा के लिए प्रथम पुरस्कार विकास व नूपुर बरसागडे। द्वितीय पुरस्कार प्रिया गुप्ता तृतीय पुरस्कार नैना लोढ़ा को दिया गया बेस्ट नित्य प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार बबली सेन द्वितीय पुरस्कार हनी पंजवानी व तृतीय पुरस्कार ज्योति गुप्ता को दिया गया बच्चों की वेशभूषा में प्रथम पुरस्कार जिया श्रीवास द्वितीय पुरस्कार लक्ष्या राजपूत तृतीय पुरस्कार हर्षिता लोढ़ा को दिया गयाबच्चों के नित्य प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार पलक राजपूत द्वितीय पुरस्कार अनन्या गुप्ता व तृतीय पुरस्कार चंचल राजपूत को दिया गया सरोज बैस द्वारा भी विशेष पुरस्कार दिया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार हनी पंजवानी द्वितीय पुरस्कार कोसी सेन तृतीय पुरस्कार अनन्या गुप्ता को दिया समिति द्वारा विशेष सहयोग के लिए मनीष साहनी को पुरष्कृत किया गया कार्यक्रम को मुख्य रूप से विशाल सोनी शशांक खोबरागड़े दयानंद सेन प्रकाश गुप्ता वीरेंद्र राजपूत एवं वार्ड वासियों के सराहनीय सहयोग रहा अंत में संचालक द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# राजनांदगांव के हॉकी खिलाड़ी तरुण का रेलवे तथा सुखदेव और तौफीक की वन विभाग में नियुक्ति





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हॉकी की नर्सरी कहे जाने वाले जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के तीन हॉकी खिलाड़ीयो की रेल्वे और वनविभाग में नियुक्ति हुई है। जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष श्री फ़िरोज़ अंसारी ने बताया कि नगर के तरुण यादव (बम्बू) कि एस ई सी रेलवे बिलासपुर तथा तौफ़ीक़ अहमद और सुखदेव निर्मलकर की वनविभाग में नियुक्ति हुई है,

उक्त सभी हॉकी खिलाड़ी विगत कई वर्षों से जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के साथ साथ छत्तीसगढ़ हॉकी की ओर से कई राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में हिस्सा लेते आये है । विगत दिनों रायपुर में आयोजित वनविभाग की चयन स्पर्धा में दोनों खिलाड़ियों ने अपने अच्छे खेल का प्रशिक्षण दिया ।जिसके आधार पर उनका वन विभाग में चयन हुआ है। इसी प्रकार नगर के होनहार हॉकी खिलाड़ी तरुण ने भी विभिन्न राष्ट्रीय हाकी प्रतियोगिताओ में उतकृष्ट प्रदर्शन कर स्श्वष्टक्र रेलवे बिलासपुर में चयनित हुए है, उनकी इस उपलब्धि पर पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव ,श्री अभिषेक सिंह ,महापौर श्रीमती हेमा देशमुख जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के सचिव शिवनारायाण धकेता, नीलमचंद जैन,कुतुबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया भुषण सॉव, नरेश डाकलिया (पूर्व महापौर) गणेश प्रसाद शर्मा, ज्ञानचंद जैन,अनुराज श्रीवास्तव, अशोक नागवंशी, अनिल यादव, कुमार स्वामी, रौबीन गाठलीब,दीपक यादव,आशिष सिन्हा,महेन्द्र सिंह ठाकुर,योगेश द्विवेदी, अजय झा, प्रकाश शर्मा, जावेद खान, छोटेलाल रामटेके, विरेन्द्र सिंग भाटिया, संतोष चोकन्द्रे,खुशाल यादव, सचिन खोब्रागढे,विकास वैष्णाव,चंद्रहास साहू,राजू रंगारी, गुणवंत पटेल, संजीव पटेल अब्दुल कादिर, राजेश निर्मलकर, शकील अहमद, अमित माथुर, खेमराज सिन्हा, संदीप यादव,अभिनव मिश्रा, कृष्णा यादव ने शुभकामनाएं दी।

## विजयादशमी पर मंदिर में शस्त्र पूजा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विजयादशमी दशहरा पर्व पर 12 अक्टूबर 2024 शनिवार को रानी मंदिर छुईखदान में भगवान श्री लक्ष्मी नारायण जी की पूजा अर्चना करते हुए शक्ति उपासना पर्व पर शस्त्र पूजा किया गया। रानी मंदिर समिति संरक्षक राजपरिवार के लाल जे के वैष्णव ने जानकारी दी कि छुईखदान रियासत कालीन परम्परा में प्रतिवर्ष अनुसार नौ दिन शक्ति उपासना के साथ ही दसवें दिन विजय की प्रार्थना करते हुए विधि-विधान से शस्त्र की पूजा करते हुए रक्षा सूत्र बांधते हैं । दशहरा विजयादशमी पर्व पर भगवान श्री राम जी एवं वीर बजरंगबली हनुमान जी एवं मां दुर्गा की शस्त्रों के साथ विशेष पूजा अर्चना करते हैं। दशहरा पर्व पर नीलकंठ के दर्शन महत्व को बताया।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com